**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT 4 2024-25**
**REVISION WORKSHEET**

**CLASS – 6**
**PREPARED BY – DEEPIKA MEHRA N SUBJECT- HINDI**
**DATE- 12/02/2025**
**TOPIC- पाठ -झाँसी की रानी , संसार एक पुस्तक ,जो देखकर भी नहीं देखते , मैं सबसे छोटी होऊं , लोकगीत ,नौकर , वन के मार्ग में , व्याकरण ( क्रिया ,विशेषण ,काल , वाक्य , विराम चिह्न , मुहावरे व् लोकोक्तियाँ , वाक्य अशुद्धि तथा रचनात्मक लेखन-पत्र लेखन , विज्ञापन लेखन , निबंध लेखन )**

## खंड -अ

**प्रश्न -१ दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

शरीर को स्वस्थ या निरोग रखने में व्यायाम का कितना महत्त्व है, इस पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। आज की भाग-दौड़ से भरी जिंदगी ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह यह भी भूल गया है कि इस सारी भाग-दौड़ का वह तभी तक हिस्सेदार है ,जब तक कि उसका शरीर भी स्वस्थ है। जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है वह अपने लिए रोग, बुढ़ापे तथा मृत्यु का दरवाजा खोलता है। वैसे तो अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन, स्वच्छ जल तथा शुद्ध वायु संयम तथा नियमित जीवन सभी कुछ आवश्यक है किंतु इन सबमें व्यायाम करने वाले व्यक्ति में कुछ ऐसी अद्भुत शक्ति आ जाती है कि अपने सारे शरीर पर उसका अधिकार हो जाता है।

१. शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने में किसका बहुत अधिक महत्व होता है?
क. मनोरंजन का ख. पूजा का ग. व्यायाम का घ. खेलने का

२. भागदौड़ भरी जिंदगी ने किसको व्यस्त कर दिया है?
क. मनुष्य को ख. पशु को ग. पक्षी को घ. चीज़ों को

३. जो व्यक्ति अपने शरीर की उपेक्षा करता है , वह अपने लिए किसका दरवाजा खोलता है ?
क. जन्म का ख. उन्नति का ग. अवनति का घ. मृत्यु का

४. व्यायाम करने वाले व्यक्ति में कैसी शक्ति आ जाती है?
क. साधारण ख. आसाधारण ग. अद्भुत घ. बेकार

' स्वस्थ ' का विलोम शब्द क्या होगा ?
५. क. अस्वस्थ ख. घटना ग. मुस्कान घ. स्वतंत्र

**प्रश्न२ . दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

यह सच है कि समय अत्यंत मूल्यवान है। बीत जाने पर, इसे लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी वापस नहीं लाया जा सकता। जो इस संसार में समय का सम्मान करता है, वह सुखी जीवन जीता है। वहीं, जो समय बर्बाद करता है, वह स्वयं बर्बाद हो जाता है।समय का महत्व उस खिलाड़ी से

पूछिए जो सेकंड के हज़ारवें हिस्से से पदक जीतने से चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी ट्रेन एक मिनट की देरी से छूट जाती है। आजकल कई विद्यालयों में देरी से आने पर छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाता।छात्रों को समय का मूल्य विशेष रूप से समझना चाहिए क्योंकि इसी जीवन का सदुपयोग करके वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

१. समय क्या है ?

क. अत्यंत मूल्यवान　　ख. गहरा　　ग. साधा　　घ. भगवान

२. जो संसार में समय का सम्मान करता है वह कैसी जिंदगी जीता है?

क. अधूरी　　ख सुखी जीवन　　ग. दुखी जीवन　　घ. बस जीता है

३. स्टेशन पर खड़ी ट्रेन कितने मिनट की दूरी से छूट जाती है?

क. एक मिनट　　ख. दो किलोमीटर　　ग. दो दिन　　घ. दो घंटे

४. जो समय बर्बाद होता है उसके साथ क्या होता है?

क. वह स्वयं बर्बाद हो जाता है　　ख. अच्छे से जीता है　　ग. मर जाता है　　घ. कुछ नहीं होता है

५. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

क. समय का महत्तव　　ख. जीवन　　ग. जंगल　　घ. पानी

**प्रश्न३ दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |**

१. बच्चे मैदान में क्रिकेट खेल रहे हैं l (वाक्य में क्रिया का कौन सा भेद होगा)

क. अकर्मक　　ख. सकर्मक　　ग. प्रेरणार्थक　　घ. धातु

२. काम का होना या करना क्या कहलाता है?

क. क्रिया　　ख, काल　　ग. भूतकाल　　घ. विराम चिन्ह

३. मेरे पास पाँच पेन हैं |वाक्य में विशेषण का कौन -सा भेद होगा ?

क. सार्वनामिक　　ख. गुणवाचक　　ग. संख्यावाचक　　घ. परिमाणवाचक

४. विशेषण के कितने भेद होते हैं ?

क. एक　　ख. दो　　ग. तीन　　घ. चार

५. मैं कल दिल्ली जाऊँगा |( वाक्य में काल का कौन -सा भेद होगा ?

क. भूतकाल　　ख. भविष्यकाल　　ग. वर्तमानकाल　　घ. इनमें से कोई नहीं

६. भूतकाल के कितने भेद हैं ?

एक　　ख. दो　　ग. तीन　　घ. छह

७. ‘ ईस्कुल ’ अशुद्ध शब्द का शुद्ध रूप क्या होगा ?

क. स्कूल　　ख. स्कुल　　ग. इस्कूल　　घ. इनमें से कोई नहीं

८. " मैंने दो रोटी खायी |" वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा ?

क. मैंने दो रोटी खाया   ख. मैंने रोटी दो खायी   ग. में दो रोटी खाया   घ. मैंने दो रोटियाँ खायी

९. '"तुम क्या कर रहे हो " वाक्य में कौन -सा विराम चिह्न आएगा ?

क. पूर्णविराम  ख. योजक चिह्न  ग. लाघव चिह्न  घ. प्रश्नवाचक चिह्न

१०. माता पिता के बीच को -सा विसाम चिह्न आएगा ?

क. पूर्णविराम  ख. अल्पविराम  ग. लाघव चिह्न  घ. योजक चिह्न

११. " आ बेल मुझे मार " लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

क. अपने आप खुद मुसीबत मोल लेना  ख। मुसीबत से भाग जाना  ग, थक जाना

घ. सो जाना

१२. " नौ दो ग्यारह होना ' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ? "

क. भाग जाना   ख. रुक जाना   ग. ठहर जाना  घ. कुछ न करना

१३. " मोहन खाना खा रहा है |" वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन -सा भेद होगा ?

क. विधिवाचक  ख. इच्छावाचक  ग. निषेधवाचक  घ. प्रश्नवाचक

१४. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

क. चार  ख. दो  ग. तीन  घ. छह

## खंड –ब

प्रश्न ४ **दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हें ये। इनके लिए साधना की ज़रूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं। सदा से ये गाए जाते रहे हैं और इनके रचनेवाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही है। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं।

एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था।

१. लोकगीत निम्नलिखित में से किसकी वजह से शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं?

क. लोकप्रियता   ख. सुर   ग. शब्द   घ. प्रभाव क्षेत्र

२. लोकगीत कौन गाता है?

क. अभिनेता और अभिनेत्री ख. फिल्मों के गायक ग. शहर के बच्चे और महिलाएं
घ. गाँव के लोग

३. लोकगीत के लिए निम्नलिखित में से किस की जरूरत नहीं है?

क. वाद्य यंत्र ख.साधना ग. सुर घ .उपर्युक्त में से कोई नहीं

४. लोकगीत के रचनाकार कौन है?
क. गाँव के लोग ख. शहर के लोग ग.गायक घ. प्रोड्यूसर

**प्रश्न-५ दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की क़ीमत सबने पहचानी थी,
दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी,

१. किसने भृकुटी तान ली थी ?
क. राजवंशों ख. राजा ग. सिपाहियों घ. लोगो

२. किसमें नै जवानी आ गई थी ?
क. लोगो में बूढ़े भारत में ग. नदी में घ. किसी में

३. गुमी हुई आजादी की कीमत किसने पहचान ली थी ?
क. भारतियों ने ख. अमेरिकन ने ग. ब्रिटिशों ने घ. किसी ने नहीं

४. किसको दूर करने की सबने मन में ठान ली थी ?
क. राजवंशों ख. राजा ग. सिपाहियों घ. फिरंगियों को

५. बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई ____________ थी,| खाली – जगह भरिए |
क. शक्ति ख . सामर्थ्य ग. जवानी घ. बुदापा

## खंड –क

**प्रश्न ६ दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए |**

1. अब और कितनी दूर चलना है, पर्नकुटी कहाँ बनाइएगा'-किसने, किससे पूछा और क्यों ?
2. लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?
3. निबंध के आधार पर और अपने अनुभव के आधार पर (यदि तुम्हें लोकगीत सुनने के मौके मिले हैं तो) तुम लोकगीतों की कौन-सी विशेषताएँ बता सकते हो?
4. क्या लोकगीत और नृत्य सिर्फ गाँवों या कबीलों में ही गाए जाते हैं? शहरों के कौन से लोकगीत हो सकते हैं?

**प्रश्न -७ दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |**

1. पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में करो।
2. आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं।' पाठ से तीन ऐसे प्रसंगों को अपने शब्दों में लिखो जो इस बात का प्रमाण हों।
3. कविता की किन पंक्तियों से लड़की शिकायत कर बैठती है कि बड़ी होने पर माँ हमारा हाथ पकड़कर नहीं चलती है?

**प्रश्न८** अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए |

**प्रश्न९** किसी एक विषय पर ७० से ८० शब्दों में निबंध लिखिए |

क. मेरा प्रिय त्योहार        ख . मेरा प्रिय भोजन

**प्रश्न१०** आपके स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है | ( इस विषय पर एक विज्ञापन लिखिए | )

SUBJECT TEACHER        HOD        CO-ORDINATOR        PRINCIPAL